XKA0286505 /

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, सुजानगढ़ जिला चूरू (राज.)

पीठासीन अधिकारी– ओमप्रकाश वर्मा, आर.ए.एस.
राजस्व प्रार्थना–पत्र संख्या : 41 / 2025
निर्णय दिनांक : 15.05.2025
GCMS NO : 2025/94

मनु सिंह पुत्र पुस सिंह जाति रावणा राजपूत निवासी ग्राम गोपालपुरा तहसील सुजानगढ जिला चूरू

...............प्रार्थी

वनाम

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार सुजानगढ जिला चूरू

................अप्रार्थी

प्रा. पत्र बाबत रेकॉर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट

उपस्थित :–

1. प्रार्थी अधिवक्ता श्री मोहनलाल बिस्सु उपस्थित।
2. अप्रार्थी पेरोकार राज उपस्थित।

निर्णय

संक्षिप्त में प्रार्थना–पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि यह कि प्रार्थी गोपालपुरा तहसील सुजानगढ़ का स्थायी निवासी है तथा प्रार्थी के संयुक्त खातेदारी का खेत खाता संख्या 438 के खसरा संख्या 876 तादादी 13.1761 हैक्टेयर वाके रोही ग्राम गोपालपुरा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू में स्थित है जिसे प्रार्थना–पत्र में वादगत खेतों के नाम से सम्बोधित किया गया है।

प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया कि वादगत भूमि में प्रार्थी का नाम मोहनसिंह पुत्र फुसा दर्ज है। उक्त खातेदारी में प्रार्थी की वास्तविक व सही नाम मनु सिंह पुत्र पुस सिंह है।

प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में गलत दर्ज होने के कारण प्रार्थी को मिलने वाले सरकारी लाभांश आदि का फायदा नहीं मिल पा रहा है इसलिए प्रार्थी को राजस्व रिकॉर्ड में नाम दुरूस्त करवाना आवश्यक हो गया है। जिसके लिए वह कानूनी अधिकारी है। अतः प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सुजानगढ़ को संशोधन करने हेतु आदेश फरमाने की कृपा करावें।

प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार से प्रकरण में रिपोर्ट ली गई। जिस पर तहसीलदार सुजानगढ़ ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वादगत खेत रोही ग्राम गोपालपुरा में प्रार्थी का नाम मोहनसिंह पुत्र फुसा दर्ज

उप खण्ड अधिकारी
सुजानगढ

है। जबकि प्रार्थी के दस्तावेजों में नाम मनुसिंह पुत्र पुसासिंह दर्ज है। मनुसिंह पुत्र पुसासिंह व मोहनसिंह पुत्र फुसा दोनों एक ही व्यक्ति है अलग–अलग नहीं है। अतः वादगत भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम मनुसिंह पुत्र पुसासिंह किया जाना उचित है।

पत्रावली तथा रिपोर्ट तहसीलदार सुजानगढ़ का अवलोकन किया गया। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज आधार कार्ड की छायाप्रति, निर्वाचन विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र की छायाप्रति, जनाधार कार्ड की छायाप्रति, राशनकार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति आदि के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी का सही तथा वास्तविक नाम मनुसिंह पुत्र पुससिंह ही है। अतः मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार, तथा संलग्न दस्तावेजात के अनुसार प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होने के कारण स्वीकार किया जाता है।

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना–पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी तहसीलदार सुजानगढ़ को आदेशित किया जाता है कि वादगत भूमि का खेत खाता संख्या 438 के खसरा संख्या 876 तादादी 13.1761 हैक्टेयर वाके रोही ग्राम गोपालपुरा तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू में दर्ज मोहनसिंह पुत्र फुसा जाति रावणा राजपूत निवासी गोपालपुरा खातेदार के स्थान पर मनुसिंह पुत्र पुससिंह जाति रावणा राजपूत निवासी गोपालपुरा खातेदार दर्ज किया जावे। रहन अगर कोई है तो उसकी प्रविष्टि यथावत रहे। अप्रार्थी तहसीलदार सुजानगढ़ को पालनार्थ प्रेषित हो।

निर्णय आज दिनांक 5.05.2025 को सर इजलास सुनाया जाकर मुद्रांकित एवं हस्ताक्षरित किया गया।

उपखण्ड अधिकारी
सुजानगढ़ (चूरू)